ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / नव0 23–24 / 4997 लखनऊः दिनांकः 16.10.2023

विषयः सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) के नामांकन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से डिप्लोमा इंजी0 एवं अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी पाठ्यक्रम को छोड़कर) सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2023–24 हेतु परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नव प्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन की प्रकिया हेतु लिंक ENROLLMENT FORM (FOR NEWLY ENROLLED STUDENTS SESSION 2023-24) दिनांक 17–10–2023 की सायँ से उपलब्ध कराया जा रहा है। नामांकन की अंतिम तिथि दिनांक 28–10–2023 की रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की जाती है।

अतः प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्तानुसार नवप्रवेशित छात्र / छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही निर्धारित समयावधि तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / नव0 23–24 / 4998-5000 तद्दिनांकः 16.10.2023

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करने की कृपा करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव